# कार्यशाला में दी ऑनलाइन पाठ्यक्रमों की जानकारी

गंगरार | मेवाड़ विश्वविद्यालय में एक दिवसीय एनपीटीईएल कार्यशाला में ऑनलाइन कोर्स की जानकारी दी गई। मुख्य अतिथि वाइस चांसलर डॉ. वीके वैद्य रहे। एनपीटीईएल संयोजक प्रोफेसर एंड्रू आईआईटी मद्रास ने विद्यार्थियों को ऑनलाइन सर्टिफिकेट कोर्स के बारे में बताया। उन्होंने वर्तमान परिप्रेक्ष्य में प्रचलित विभिन्न कोर्स एवं उनकी उपयोगिता के बारे में बताया। कार्यशाला दो सत्रों में हुई। द्वितीय सत्र में वरिष्ठ प्रोजेक्ट अधिकारी भारती बालाजी ने ऑनलाइन कोर्स के पाठ्यक्रम की जानकारी दी। विद्यार्थियों के सुझाव लिए। कार्यशाला में वरिष्ठ अधिकारी एवं जयपुर, उदयपुर, अहमदाबाद के प्राध्यापक भी आए। संयोजन विश्वविद्यालय के विभागाध्यक्ष डॉ. वी शिवा ने डीन इंजीनियरिंग डॉ. तनवीर अहमद के निर्देशन में किया।

# एन.पी.टी.ई.एल कार्यशाला आयोजित

चित्तौड़गढ़ (प्रातःकाल संवाददाता)। मेवाड़ विश्वविद्यालय में एक दिवसीय एन.पी.टी.ई.एल कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य ऑनलाइन कोर्स की जानकारी प्रदान करना था। कार्य म के मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के वाईस चांसलर डॉ. वी.के. वैद्य रहे। संयोजक प्रोफेसर एंड्रू, आई.आई.टी. मद्रास ने विद्यार्थियों को ऑनलाइन सर्टिफिकेट कोर्स के बारे में जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों एवं प्राध्यापकों से वर्तमान परिप्रेक्ष्य में प्रचलित विभिन्न कोर्स एवं उनकी उपयोगिता के बारे में विस्तार से चर्चा की।

# कार्यशाला में दी ऑनलाइन कोर्स की जानकारी

**गंगरार।** मेवाड़ विश्वविद्यालय में आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला में ऑनलाइन कोर्स की जानकारी दी गई। मुख्य अतिथि विश्विद्यालय के वाइस चांसलर डॉ. वी के वैद्य थे। एनपीटीइएल संयोजक प्रोफेसर एंड्रू ने विद्यार्थियों को ऑनलाइन सर्टिफिकेट कोर्स के बारे मे जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों एवं प्राध्यापकों से वर्तमान परिप्रेक्ष्य मे प्रचलित विभिन्न कोर्स एवं उनकी उपयोगिता के बारे में विस्तार से चर्चा की। कार्यशाला के द्वितीय सत्र में वरिष्ठ प्रोजेक्ट अधिकारी भारती बालाजी ने ऑनलाइन पाठ्यक्रम एवं विषयवस्तु पर जानकारी दी एवं विद्यार्थियों के सुझाव लिए। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. वी. शिवा ने किया।